भूमिगत मेट्रो रूट के विरोध में रीगल चौराहे पर प्रदर्शन

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

भूमिगत मेट्रो के प्रस्तावित रूट को लेकर रहवासियों का विरोध जारी है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग रीगल चौराहे पर जुटे और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने 'हमारा घर, हमारा अधिकार—विकास चाहिए, विनाश नहीं' का संदेश देते हुए शासन-प्रशासन से जवाब मांगा। उनका कहना है कि पिछले करीब चार महीने से इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। प्रदर्शन में शामिल रहवासियों ने कनाड़िया रोड/बंगाली से कनाड़िया होते हुए पलासिया तक प्रस्तावित मेट्रो रूट में बदलाव पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि बंगाली से पलासिया तक एलिवेटेड मेट्रो रूट भारत सरकार के आधिकारिक गजट में अधिसूचित हो चुका था। इसके बावजूद बाद में रहवासी क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो का प्रस्ताव सामने आया। रहवासियों ने सवाल किया कि पहले से अधिसूचित रूट में बदलाव क्यों किया गया और इसका तकनीकी आधार क्या है। उन्होंने शासन-प्रशासन से निर्णय की प्रक्रिया और बदलाव के पीछे की वजह सार्वजनिक करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। वे शहर के विकास के विरोधी भी नहीं हैं, लेकिन विकास योजनाओं में रहवासी क्षेत्रों, घरों और परिवारों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उनका कहना है कि जब उनके सवालों पर जिम्मेदारों की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है, तो उन्होंने मौन प्रदर्शन के जरिए अपनी बात पहुंचाने का फैसला किया। वार्ड 49 के गोयल नगर, साईनाथ कॉलोनी, तिलक नगर, रविंद्र नगर और संविद नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों ने कहा कि वे टकराव नहीं, बल्कि स्पष्ट जवाब और पारदर्शिता चाहते हैं। जब तक मेट्रो रूट में बदलाव को लेकर उनके सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तब तक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रहेगा।

कलेक्टर के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर पटाखा गोदाम सील

विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में पटाखों के सुरक्षित भंडारण एवं विक्रय को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने राऊ तहसील के ग्राम पिगडंबर स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

एसडीएम राऊ लोकेंद्र सिंह सरल के निर्देशन में किए गए निरीक्षण के दौरान सामने आया कि ग्राम पिगडंबर में ए.बी. रोड से लगभग 250 फीट अंदर सुंदरम पटाखा एजेंसी के नाम से जितेश पिता मोहनलाल बागेचा निवासी 117 विद्या नगर, इंदौर द्वारा पटाखा गोदाम का संचालन किया जा रहा था।



जांच के दौरान गोदाम तक पहुंचने का रास्ता अत्यंत संकरा पाया गया। यहां से फायर ब्रिगेड जैसे बड़े वाहनों का आवागमन सुगम नहीं था, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होने की आशंका थी।

विस्फोटक अधिनियम, 2008 के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन नहीं किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, गोदाम में सभी प्रकार की पटाखा सामग्री भंडारित पाई गई, जबकि वहां से बिक्री का कार्य भी किया जा रहा था। प्रशासन ने इसे नियमों के विपरीत पाया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति भी सामने आयी।

अनियमितताओं और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुंदरम पटाखा एजेंसी के गोदाम पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार राऊ धीरज सोनी एवं राजस्व टीम की उपस्थिति में की गई।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि दीपावली के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना को रोकने के लिए पटाखा कारोबारियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं लाइसेंस की शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।



इंदौर लोक

दशहरे पर एमडी ड्रग्स रूपी नशासुर के पुतले का होगा दहन

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

संस्था सूर्यमंच (सामाजिक सांस्कृतिक शैक्षणिक संगठन) द्वारा प्रतिवर्ष दशहरे के अवसर पर सामाजिक बुराइयों के प्रतीक स्वरूप विभिन्न प्रकार के पुतलों का दहन कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष दशहरे पर बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से एमडी ड्रग्स रूपी नशासुर के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने और सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया जाएगा।

संस्था सूर्यमंच के संयोजक सन्नी पठारे, सह-संयोजक फिरोज खान एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि आज नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। एमडी ड्रग्स जैसे घातक नशे के सेवन से अनेक परिवार प्रभावित हो रहे हैं तथा सामाजिक अपराधों में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। संस्था ने इसे गंभीर सामाजिक बुराई मानते हुए इस वर्ष रावण के स्थान पर नशासुर के प्रतीकात्मक पुतले का दहन करने का निर्णय लिया है। संस्था के संयोजक सन्नी पठारे ने बताया कि वर्षों से संस्था दशहरे पर रावण दहन के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता का संदेश देती आ रही है। पूर्व में अत्याचारियों एवं दुराचारियों जैसी सामाजिक बुराइयों को प्रतीकात्मक रूप से रावण का स्वरूप देकर उनके दहन का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष नशे के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नशासुर के पुतले का दहन कर बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की सुरक्षा तथा समाज में शांति स्थापित करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद टंडन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री पं. योगेंद्र महंत उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद टंडन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री पं. योगेंद्र महंत उपस्थित रहेंगे।



तिल्लौरखुर्द के तालाब को नर्मदा पाइपलाइन से भरने का प्रयास किया जाएगा : मंत्री तुलसीराम सिलावट

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि इंदौर जिले के ग्राम तिल्लौरखुर्द स्थित प्राचीन तालाब को नर्मदा पाइपलाइन के माध्यम से भरने का प्रयास किया जाएगा। इससे क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने के साथ किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने में मदद मिलेगी।



मंत्री श्री सिलावट के इंदौर स्थित निवास पर आज राऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री मधु वर्मा ने ग्राम पंचायत तिल्लौरखुर्द में जल संसाधन विभाग के लगभग 24 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित प्राचीन तालाब को नर्मदा पाइपलाइन से भरने के संबंध में पत्र सौंपा। उन्होंने इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। विधायक श्री वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत तिल्लौरखुर्द की आबादी लगभग 8 हजार है। वर्षाकाल में तालाब पूरी तरह भर जाता है, लेकिन दो से तीन माह में ही पानी समाप्त हो जाता है। इसके कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई तथा ग्रामीणों को पानी की उपलब्धता में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसान इस तालाब से सिंचाई के लिए पानी लेते हैं और निर्धारित शुल्क भी जमा करते हैं।

संस्कृत महाविद्यालय में 23 अक्टूबर भूतपूर्व छात्रों का होगा जमावड़ा

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

शहर के शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रामबाग इंदौर में 23 अक्टूबर को भूतपूर्व छात्रों का होगा जमावड़ा, मिलन-समारोह भी होगा महाविद्यालय के विकास कार्य को लेकर अति आवश्यक मीटिंग भी होगी।

1963 से लेकर 2024 तक के सैकड़ों भूतपूर्व छात्र और छात्राएं आयोजन में सहभागी बनेंगे। भजन गीत संगीत काव्य पाठ के साथ में भोजन और महाविद्यालय में विकास कार्य तथा नवीनीकरण को लेकर अपने-अपनी बात रखेंगे। साथ ही अपने जमाने के अनुभव साझा करेंगे उक्त जानकारी पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण कुकराजा, सचिव आचार्य गोपाल बैरागी तथा कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद बिलोरे ने बताया कि शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में एक साथ विद्यार्थियों का समागम महाविद्यालय को नई ऊंचाईया प्रदान करेगा। संपूर्ण मध्यप्रदेश के दूर-दराज नगर गांव के पूर्व विद्यार्थी शामिल होंगे।

मुलाकातों और कुछ नेताओं की गैरमौजूदगी

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर दौरे के दौरान हुई मुलाकातों और कुछ नेताओं की गैरमौजूदगी ने शहर की सियासत में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक घटनाक्रम ऐसा रहा कि राजनीतिक गलियारों में हर मुलाकात और हर अनुपस्थिति के मायने निकाले जाने लगे। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में नजर नहीं आना और शनिवार सुबह पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे तथा विधायक मालिनी गौड़ की मुख्यमंत्री से अलग-अलग मुलाकातों ने इन चर्चाओं को और हवा दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार रात करीब 9 बजे इंदौर पहुंचे। एयरपोर्ट से वे ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर गए, जहां इंटरनेशनल सोया कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इसके बाद नंदानगर स्थित कनकेश्वरी गरबा मंडल और फिर गंगवाल बस स्टैंड के पास आयोजित घूमर गरबा उत्सव में पहुंचे। देर रात वे रेसीडेंसी में रुके। मुख्यमंत्री के इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी नजर नहीं आई। इसे लेकर राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गईं। पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री और विजयवर्गीय के बीच दूरियों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, इस दौरे में विजयवर्गीय की गैरमौजूदगी भी चर्चाओं में है। शनिवार सुबह रेसीडेंसी में मुख्यमंत्री से मुलाकातों का सिलसिला शुरू हुआ। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने उनसे अलग से मुलाकात की। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णमुरारी मोघे और विधायक मालिनी गौड़ भी मुख्यमंत्री से मिले। इन मुलाकातों को लेकर राजनीतिक हलकों में अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बीच लंबी बातचीत होने की चर्चाओं ने भी राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया। दोनों नेता सार्वजनिक और राजनीतिक मंचों पर कई बार एक-दूसरे के विरोध में मुखर रहे हैं, लेकिन उनके बीच लंबे समय से चली आ रही व्यक्तिगत मित्रता भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय रही है। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान मीडिया से उनकी बातचीत भी चर्चा में रही। शुक्रवार रात सोया कॉन्क्लेव में मीडिया ने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद कनकेश्वरी गरबा उत्सव में भी उन्होंने मीडिया से बातचीत नहीं की।

बांद्रा टर्मिनस– अजमेर/मदार एवं असरवा– प्रयागराज स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रतलाम मंडल से होकर विशेष किराये पर बांद्रा टर्मिनस – अजमेर/मदार एवं असरवा – प्रयागराज के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:

1. ट्रेन संख्या 09622/09621 बांद्रा टर्मिनस – मदार/अजमेर साप्ताहिक स्पेशल- ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस – मदार स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को बांद्रा टर्मिनस से 16:30 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के रतलाम (03.55/04.05 बजे बुधवार), एवं चितौड़गढ़ (07.30/07.35 बजे) होते हुये अगले दिन 11:25 बजे मदार पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 अक्टूबर, 2026 से 01 दिसंबर, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09621 अजमेर – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को अजमेर से 17:50 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के चितौड़गढ़(20.50 / 20.55 बजे) एवं रतलाम (00.35 / 00.45 बजे मंगलवार) होते हुये अगले दिन 13:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 19 अक्टूबर, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और बिजयनगर स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09622 का अजमेर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे।



2. ट्रेन संख्या 04166/04165 असरवा – प्रयागराज साप्ताहिक स्पेशल - ट्रेन संख्या 04166 असरवा – प्रयागराज स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को असरवा से 08:45 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के चंदेरिया(17.55/18.00 बजे) होते हुये अगले दिन 10:35 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2026 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04165 प्रयागराज–असरवा स्पेशल प्रत्येक बुधवार को प्रयागराज जं. से 05:00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के चंदेरिया(21.40/ 21.45 बजे) होते हुये अगले दिन 05:45 बजे असरवा पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से 25 नवंबर, 2026 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में हिम्मतनगर, लसाड़िया, डूंगरपुर, सेमारी, जावर, उदयपुर सिटी, राणा प्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, मांडलगढ़, बूंदी, केशोराय पाटन, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, ईदगाह आगरा, टूंडला, फिरोजाबाद, इटावा, कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09622 की बुकिंग 18.10.2026 से तथा ट्रेन संख्या 04166 की बुकिंग 19.10.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

नवरात्रि में 1111 कन्याओं के पूजन का संकल्प

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और जल बचाओ का संदेश

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

नवरात्रि पर्व के अवसर पर बाल हनुमान सेवा समिति के 11वें भव्य नवरात्रि महोत्सव में पिछला वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष निखिल सोनी के सानिध्य 11,11 कन्याओं का पाद पूजन एवं कन्या भोज कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।





इस अवसर पर कन्या पूजन में मानव अधिकार की प्रदेशअध्यक्ष, व स्वर्णकार समाज अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी विचार मंच की प्रदेश महामंत्री, दबंग समाजसेविका श्रीमती रजनी आकाश सोनी कन्या पूजन की गरिमामय उपस्थिति रही। रजनी सोनी ने अपने संदेश में कहा, बेटी है तो कल है, बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत हर जिले में कन्या पूजन जैसे आयोजन होना। वरिष्ठ पत्रकार गणेश सोनी ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा ही सर्व प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। हम निरंतर कोशिश करते हैं कि हर समाज की बेटी और महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। जहां पुण्य का संस्कार समाज की अध्यक्ष, श्री हरिहर आश्रम द्वारा कन्या पूजन, सेवा और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी पहल की जा रही है। आयोजन के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और जल बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत 1111 कन्याओं के पूजन और भोजन प्रसादी वितरण का संकल्प लिया गया है।

बाणगंगा और आसपास के क्षेत्रों में मां जगदम्बे की आराधना करने वाली बालिकाओं के लिए दस दिवसीय कन्या पाद-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वृंदावन कॉलोनी स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर में पंडितों और विद्वानों की उपस्थिति में विधि-विधान से कन्या पाद पूजन किया जा रहा है। पूजन के बाद कन्याओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपरा और मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है।

आयोजन का उद्देश्य धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर बेटियों के सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करना भी है। आयोजकों ने कहा कि बेटियां परिवार और समाज की शक्ति हैं। उन्हें सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कन्या पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि बेटियों का सम्मान केवल पर्वों तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक व्यवहार का स्थायी हिस्सा बने।

कार्यक्रम में जल संरक्षण का संदेश भी प्रमुखता से दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल जीवन का आधार है और घटते जलस्तर को देखते हुए पानी की बर्बादी रोकना आवश्यक है। वर्षा जल संचयन, जलस्रोतों की स्वच्छता और घरेलू स्तर पर पानी की बचत के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि बेटियों के सम्मान और जल संरक्षण जैसे संकल्पों को अपनाकर ही जल को बचा सकते हैं इसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

नाम परिवर्त्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सिमरित (Simrit) पिता नीरज मनोचा (Neeraj Manocha) था जो कि अब बदल कर **सिमरित मनोचा (Simrit Manocha) पिता नीरज मनोचा (Neeraj Manocha)** हो गया है अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

सिमरित मनोचा (Simrit Manocha) पिता नीरज मनोचा (Neeraj Manocha)
38/2 New Palasia, Indore

जाहिर सूचना

मकान/भूखण्ड तारण बाबद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शैतानसिंह राजपूत पिता श्री गुलाबसिंह राजपूत सदस्यता क्रमांक 83 निवासी 57, शुभम पैलेस ग्राम छोटा बांगड़दा, इंदौर। क्षत्रिय महाराणा प्रताप साख सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर (पंजीयन क्रमांक जे.आर./आई.डी.आर./295/2013/के सदस्य है तथा इन्होंने अपने ऋण की सुरक्षा वतौर स्वयं के स्वामित्व का भूखण्ड/मकान/मूल रजिस्टर्ड दस्तावेज/ नंबर 57 स्थित शुभम पैलेस, ग्राम छोटा बांगड़दा, तहसील व जिला इंदौर का सदर भूखण्ड चौड़ाई 20 फुट होकर लंबाई 30 फीट होकर कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट है। जिसके मूल नोटरी दस्तावेज तारण (इक्वीटेबल मार्डगेज) रखने की शर्त पर संस्था से कर्ज रु. 4,00,000, अक्षरी रु. चार लाख का ऋण आवेदन संचालक मण्डल की बैठक में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त भूखण्ड/मकान पर या उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, ट्रस्ट, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय का या किसी अन्य का किसी भी प्रकार का भार, मेन्टेनेंस, जप्ती, गिरवी, बंटवारे का हक, दान, बक्षीस, जमानत/कोर्ट जमानत, विक्रय बयाना लेख, अनुबंध आदि हो या किसी को इस व्यवहार पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से (7) सात दिन के अन्दर अपनी आपत्ति मय प्रमाण के संस्था कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के बाद नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करवाकर ऋण आवेदक सदस्य को, सदर भूखण्ड/मकान संस्था में तारण (इक्वीटेबल मार्डगेज) रखकर संचालक मण्डल द्वारा स्वीकृत ऋण की स्वीकृत राशि का नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करने पर भुगतान कर दिया जायेगा तत्पश्चात् किसी भी तरह कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। यह विदित हो।

प्रबंधक
सम्पत सारडा
क्षत्रिय महाराणा प्रताप साख सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **(1) श्री मुस्तफा मलेकवाला पिता श्री इकबाल हुसैन, निवासी 69, न्यू सेफी नगर, माणिकबाग रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश तथा (2) श्री युसुफ अली पिता श्री मोहम्मद हुसैन, निवासी 68, न्यू सेफी नगर, माणिकबाग रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश** द्वारा अपनी कृषि भूमि का विक्रय क्रेता **(1) श्री अरविंद पटेल पिता श्री संतोष कुमार, निवासी 284/9, नंदबाग कॉलोनी, इंदौर, मध्यप्रदेश एवं (2) श्री आनंद कुमार संतोष कुमार, निवासी ए-30, सेक्टर राम नगर, मेनरोड रामनगर, मोनिका किराना, नंदबाग, इंदौर, मध्यप्रदेश** के पक्ष में किया गया है।

उक्त भूमि **ग्राम टिगरिया बादशाह, तहसील मल्हारगंज, जिला इंदौर, मध्यप्रदेश** में स्थित है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है–

भूमि का विवरण एवं सीमाएं : सर्वे नंबर 337/4/4, रकबा 0.0370 हेक्टेयर अर्थात 370 वर्गमीटर (लगभग 4000 वर्गफीट)। उक्त भूमि का उपयोग औद्योगिक प्रयोजन हेतु किया जाता है तथा यह राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्ग के मध्य स्थित है। भूमि की सीमाएं निम्नानुसार हैं–

पूर्व में : भाग क्रमांक 07
पश्चिम में : भाग क्रमांक 09
उत्तर में : अन्य कृषि भूमि
दक्षिण में : सड़क

विक्रेताओं द्वारा यह घोषित किया गया है कि उक्त भूमि उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की है तथा भूमि पर किसी प्रकार का ऋण, बंधक, भार, विवाद अथवा अन्य अधिकार नहीं है। भविष्य में स्वामित्व संबंधी कोई दावा या आपत्ति उत्पन्न होने पर उसके निराकरण की जिम्मेदारी विक्रेताओं की होगी। भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, राजस्व अभिलेख एवं अन्य औपचारिकताओं के संबंध में भी इकरारनामे में वर्णित शर्तें लागू होंगी।

अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य पक्ष का उक्त भूमि पर कोई अधिकार, हित, दावा, आपत्ति, बंधक या अन्य कानूनी हित हो, तो वह अपने समस्त वैध दस्तावेजों एवं प्रमाणों सहित प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत नहीं किए जाने पर भविष्य में प्रस्तुत आपत्तियों के संबंध में विक्रय इकरारनामे की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्थान : इंदौर, मध्यप्रदेश

एडव्होकेट - प्रवीण देशमुख
कार्यालय- 407, मारूती नगर, सांवेर रोड़, इन्दौर, मो. - 9009992229

न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी, जिला इन्दौर

प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक-जी-8

क्रमांक/814/रीडर/2026 — इन्दौर, दिनांक 09/10/2026
प्रकरण क्रमांक- 0143/अ-3/2026-27

-:: उद्घोषणा ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **आवेदक किरण अग्रवाल पति घनश्याम दास पता एचएन-125 फेस-2, रेवीएरा टाउन माता मंदिर, हुजुर, भोपाल** द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम कैलोदकर्ताल तहसील भिचौलीहप्सी स्थित भूमि सर्वे नंबर 738/4 व 740/6 रकबा 0.112 हे. भूमि के बटांकन फर्द/नक्शा तरमीम हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

अतः इस बंटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 23/10/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मो.नं.-9300033313

अतिरिक्त तहसीलदार तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर

GAGAN GASES LIMITED

REGD. OFFICE-40, SCHEME NO 78, PART II, VIJAYNAGAR, INDORE (M.P.)

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.09.2026

www.gagangases.com email : gm@gagangases.com CIN : L24111MP1986PLC004228 — Rs In Lacs

S. No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1	Total Income from Operations	70.46	53.14	164.76	123.60	250.65	608.77
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	1.88	3.93	-0.60	5.81	-7.45	18.48
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	1.88	3.93	-0.60	5.81	-7.45	18.48
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/ / or Extraordinary items)	1.88	3.93	-0.60	5.81	-7.45	13.97
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprimising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)	1.88	3.93	-0.60	5.81	-7.45	13.97
6	Equity Share Capital	451.85	451.85	451.85	451.85	451.85	451.85
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year						-106.72
8	Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for conituing and discontinued operations) 1.Basic	0.04	0.09	-0.01	0.13	-0.16	0.31
	2.Diluted	0.04	0.09	-0.01	0.13	-0.16	0.31

Notes : The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.gagangases.com)

Place : Indore
Date: 17.10.2026

For Gagan Gases Ltd
Gagan Maheshwary - Managing Director
DIN:00320425

PUBLIC NOTICE

KNOW ALL MEN BY THESE PRESENTS that MR. SADIYAN RAMESH was the Owner of FLAT NO. 626 on the 6th floor B-wing Bldg. no. 4 in the building know MAA ASHAPURA SRA CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED, near Gurunanak Hospital, Bandra East, Mumbai 400051. Allotted from SRA vide an Possession letter dated 21.03.2006 that said SADIYAN RAMESH died on dated 08.01.2006 leaving behind him SMT. KALICHILVI RAMESH SADIYAN (wife) 2. SUBRAMANI RAMESH 3. SELVAM RAMESH 4. SUNDARAM RAMESH (Sons) are the only legal heirs that said SMT. KALICHILVI RAMESH SADIYAN sold the said flat 1) MR. SANDEEP DEVIDAS BUTE AND 2) MR. VINOD DEVIDAS BUTE vide an agreement for sale datod 03/04/2018. duly registered under registration no. BDR4-3324-2018 date 03/04/2018 that said 1) MR. SANDEEP DEVIDAS BUTE AND 2) MR. VINOD DEVIDAS BUTE intend to sale any prospective buyer / Purchaser use, occupy the said flat as the owner thereof.

Any persons claiming any right or share whatsoever by way of ownership, lease, tenancy, mortgage, pledge, lien, charge, inheritance, etc. in the said Flat should intimate the undersigned in writing with supporting documents in respect of his/her claim, within 15 days of publication of this Public Notice, failing which, the claim or claims if any of such person or persons will be considered to have waived and/or abandoned.

Place : Mumbai Dated: 18.10.2026

RAMSAGAR K. KANOJIA (Advocate High Court)
Office : Bar Room, M.M. Court Andheri,
3rd Floor, Andheri (East), Mumbai – 400069.
Mobile No. 9867681070

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of Hemant Chaturilal Sahu & Jyoti Hemant Sahu.

This is to inform that Mr. Jagdish Purushottam Patel is the absolute and exclusive owner of Flat No. A-1 admeasuring 617 sq.ft. Built up area on First Floor (initially designated as Ground Floor) in the building known as 'PRIYADARSHANI APARTMENT CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED', bearing Municipal House No. 402/4 Kasar Ali, constructed on Non Agriculture Land bearing Plot No. 1 of Survey No. 27-A corresponding to City Survey No. 3276, situate lying and being within the limits of Bhiwandi Nizampur City Municipal Corporation, Bhiwandi, Sub-Registration of Taluka Bhiwandi and Registration of District and Division Thane. (hereinafter referred to as the "said Property").

That Purshottam Haribhai Patel had acquired the said Property from M/s. Vishal Construction vide Agreement for Sale dated 08/07/1987.

That Purshottam Haribhai Patel died intestate on 28.04.2014, leaving behind his surviving legal heirs, namely: - Arunaben Purushottam Patel, Sangita Manoj Patel & Shaileshkumar Purshottambhai Patel & Jagdish Purushottam Patel.

That thereafter, vide Registered Release Deed dated 09/04/2026, bearing Registration No. BVD1-7205/2026, executed by Arunaben Purushottam Patel, Sangita Manoj Patel & Shaileshkumar Purshottambhai Patel, have released their undivided share in respect of the said Property to Jagdish Purushottam Patel, thereby vesting in him absolute and exclusive ownership thereof.

That thereafter, Jagdish Purushottam Patel intends to sell the said Property to Hemant Chaturilal Sahu & Jyoti Hemant Sahu.

All persons, having any right, title, interest, benefit, claim, or demand, of any nature in or to the Subject Property, or any part/s thereof, by way of sale, exchange, gift, lease, tenancy, license, mortgage, charge, lien, trust, inheritance, bequest, easement, possession, cultivation, occupation, maintenance, memorandum of understanding, development rights, agreement to sell or otherwise howsoever, are required to make the same known in writing, together with documentary proof in support thereof, to the undersigned, at P.O. No. V. PATKE & CO. ADVOCATES, Unit No. 609, 6th Floor, Omega IT Park, Near ESIC Hospital, Road No.16, Wagle Industrial Estate, Thane (West) – 400604, Landline: - 022-20811170/022-46091170/ 8452856609, within 7 (Seven) days of the date hereof, otherwise it shall be deemed that all such persons have surrendered and abandoned all their claims, rights, interest and title of any and all nature in the Subject Property and are left with no claim, right, title or interest of any nature in the Subject Properties.

Dated this 18th October, 2026

V. PATKE & CO. - ADVOCATES,
Unit No. 609, 6th Floor, Omega IT Park, Near ESIC Hospital, Road No.16, Wagle Industrial Estate, Thane (West) –400604, Landline:- 022-20811170/022-46091170/ 8452856609.

MODELLA WOOLLENS LIMITED

CIN : L17120MH1961PLC012080
Registered Office: 4 C, Vulcan Insurance Building, Veer Nariman Road, Churchgate, Mumbai 400020
E-mail: modellawoollens@gmail.com, **Website:** www.modellawoollens.com | **Phone :** 022-22047424

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47 read with Regulation 29 (1) (a) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Tuesday, 27th October, 2026** inter alia to consider and approve the Un-Audited Financial Results of the Company for the Second quarter ended 30th September, 2026.

The details will be made available at the website of the Company (www.modellawoollens.com) and at the website of the Stock Exchange where the shares of the Company are listed: BSE Limited (www.bseindia.com).

For **Modella Woollens Ltd.**
(Sandeep Shah)
Director
DIN: 00368350

Dated: 16.10.2026
Place: Mumbai

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the General Public that the following Original documents pertaining to the property more particularly described below, standing in the name of **MR. DASHRATH KRISHNA RASAL,** have been Lost / Misplaced and despite diligent search, the same could not be traced:

1. **Provisional Offer Letter No. (2736) With Dated 04.02.2012**
2. **Allotment Letter No. (2949) With Dated 03.08.2016**
3. **Possession Letter No. (2950) With Dated 03.08.2016**
4. **Stamp Duty E-SBTR Challan No. (14086368917488) With Dated 25.07.2016**

The Present owner of the said property has lodged the necessary complaint regarding the loss / misplacement of the aforesaid Original Documents and is issuing this public notice before applying for Duplicate / Replacement documents, if required.

PROPERTY DESCRIPTION :

Saptarshi Towers CHS. Ltd., Building No. 55, Wing B, Flat No. 1304, New MHADA Tower, Nr. Bhoomi Park, Malad (W), Mumbai-400 095.

Any person, Bank, Financial institution, Society, Authority or any other person having found any of the aforesaid Original Documents or having any claim, objection, right, title, interest, lien, charge, or possession in respect of the said documents or the above-mentioned Property is hereby Requested to intimate the undersigned in writing with documentary evidence **within 14 (fourteen)** days from the date of publication of this notice.

If no claim or objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that no person has any claim in respect of the said Original Documents or the above-mentioned Property, and the present owner shall proceed with obtaining Duplicate / Replacement Documents and / or completing the necessary formalities without any further reference to any person. Any claim received thereafter shall be treated as waived.

sd/-
MR. DASHRATH KRISHNA RASAL
(Present Owner)
Through Advocate : Mr. Anil Kumar Ojha
Advocate, High Court, Mumbai
Office Address : 1103, Dolphin Tower, Jankalyan Nagar, Malad (West), Mumbai-400 095 • **Mobile No. :** 9892025083

Place : Mumbai
Date : 18.10.2026

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to public at large that our client, Mrs. Farheen Shakeel Navroz is the lawful joint owner along with her late parents, Mrs. Shamira Aziz Jamal (mother) & Mr. Aziz Shabanali Jamal (father) and a joint member of the Saryu Tower CHSL, holding Flat No. 1204, 12th Floor, in the Building Saryu, Society known as Saryu Tower CHSL, situated at Jangid Complex, Near Shanti Park, Mira Road East, Dist. Thane, 401107 admeasuring 93.32 sq. mts. carpet area along with One Car Parking Below Podium, on land bearing Old Survey No. 166, New Survey No. 37, Hissa No. 1A, Village: Mira, Taluka: Thane, District: Thane, State: Maharashtra along with Share Certificate No. 044 in respect of 10 (Ten) fully paid up shares of Rs. 50/- each distinctive nos. 431 to 440 (both inclusive) (hereinafter said as "the said Flat").

Originally, M/s. Jangid Developers had constructed the building and sold the said flat to Mrs. Shamira Aziz Jamal, Mr. Aziz Shabanali Jamal & Mrs. Farheen Shakeel Navroz through a Registered Agreement for Sale dated 21/06/2012 vide registration no. TNN-10-6370-2012 registry dated 28/06/2012 at Sub Registrar Office, Thane -10. The said Mr. Aziz Shabanali Jamal passed away intestate on 02/03/2014 at Mumbai, and the said Mrs. Shamira Aziz Jamal passed away intestate on 30/08/2026 at Mira Road, leaving behind Mr. Rizwan Aziz Jamal (son), Mr. Shakir Aziz Jamal (son) & Mrs. Farheen Shakeel Navroz (married daughter), as the only surviving legal heirs and next of kin.

